भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 5028
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 23 मार्च, 2026
02 चैत्र 1948 (शक)

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल

5028. **श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्तमान में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार ने विश्व धरोहर सूची में नए स्थलों को शामिल किए जाने के लिए कोई प्रस्ताव भेजे हैं;
(ग) सरकार द्वारा उक्त स्थलों के संरक्षण के लिए उठाए गए विशेष कदमों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे समन्वय का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): देश भर में 44 विश्व धरोहर संपत्तियां हैं, जिनका विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख): जी, हाँ। भारत सरकार ने विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने हेतु विश्व धरोहर केंद्र को विचार के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव भेजे हैं:

1. प्राचीन बौद्ध स्थल, सारनाथ (वर्ष 2025-26)
2. जिंगकिएंग्जरी/लय चराई सांस्कृतिक परिदृश्य (वर्ष 2026-27)

(ग) और (घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण 27 विश्व धरोहर संपत्तियों सहित कुल 3686 स्मारकों का संरक्षण और अनुरक्षण करता है और इसके साथ ही पर्यटकों के लिए पेयजल, शौचालय ब्लॉक, सुगम-पथ और भूनिर्माण आदि जैसी पर्यटक सुविधाओं का प्रावधान भी करता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले इन स्मारकों/स्थलों का संरक्षण और अनुरक्षण किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और यह स्मारकों के संरक्षण की आवशयकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

अनुबंध-I

लोकसभा में दिनांक 23.02.2016 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 5028 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित अनुबंध

विश्व धरोहर की सूची में शामिल संपत्तियाँ (44)

(क) भारत में सांस्कृतिक विश्व धरोहर संपत्तियाँ : 36

(ख) भारत में प्राकृतिक विश्व धरोहर संपत्तियाँ : 07

(ग) भारत में मिश्रित विश्व धरोहर संपत्तियां : 01

सांस्कृतिक स्थल:

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण में (27)

क्र. सं.	**स्थल का नाम**	**राज्य**	**शामिल किए जाने का वर्ष**
1.	आगरा किला	उत्तर प्रदेश	1983
2.	अजंता की गुफाएँ	महाराष्ट्र	1983
3.	एलोरा की गुफाएँ	महाराष्ट्र	1983
4.	ताजमहल	उत्तर प्रदेश	1983
5.	महाबलिपुरम में स्मारकों का समूह	तमिलनाडु	1984
6.	सूर्य मंदिर, कोणार्क	ओडिशा	1984
7.	गोवा के चर्च और कॉन्वेंट	गोवा	1986
8.	फतेहपुर सीकरी	उत्तर प्रदेश	1986

9.	हम्पी में स्मारकों का समूह	कर्नाटक	1986
10.	खजुराहो, मंदिरों का समूह	मध्य प्रदेश	1986
11.	एलिफेंटा की गुफाएँ	महाराष्ट्र	1987
12.	गंगईकोंडचोलपुरम और दारासुरम में महान जीवंत चोल मंदिर	तमिलनाडु	1987 और 2004
13.	पट्टाडकल में स्मारकों का समूह	कर्नाटक	1987
14.	सांची में बौद्ध स्मारक	मध्य प्रदेश	1989
15.	हुमायूँ का मकबरा, दिल्ली	दिल्ली	1993
16.	कुतुब मीनार और उसके स्मारक, दिल्ली	दिल्ली	1993
17.	भीमबेटका के शैलाश्रय	मध्य प्रदेश	2003
18.	चंपानेर-पावागढ़ पुरातत्व पार्क	गुजरात	2004
19.	लाल किला परिसर, दिल्ली	दिल्ली	2007
20.	राजस्थान के पहाड़ी किले (चित्तौड़गढ़ , कुंभलगढ़ , जैसलमेर और रणथंभौर , आमेर और गागरोन किले) (आमेर और गागरोन किले राजस्थान राज्य पुरातत्व और संग्रहालयों के संरक्षण में हैं)	राजस्थान	2013
21.	पाटन में रानी-की-वाव (रानी की बावड़ी)	गुजरात	2014
22.	नालंदा में नालंदा *महाविहार (नालंदा विश्वविद्यालय)* का पुरातात्विक स्थल	बिहार	2016
23.	धोलावीरा: एक हड़प्पा शहर	गुजरात	2021
24.	काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, तेलंगाना	तेलंगाना	2021

25.	होयसल के पवित्र समूह	कर्नाटक	2023
26.	मोइदम - अहोम राजवंश की पर्वत-दफन प्रणाली	असम	2024
27.	भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य	महाराष्ट्र	2025

रेल मंत्रालय के संरक्षण में (2)

28.	भारत के पर्वतीय रेलवे (दार्जिलिंग, 1999), नीलगिरी (2005), कालका-शिमला	पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश	2008
29.	छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (पूर्व में विक्टोरिया टर्मिनस)	महाराष्ट्र	2004

बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षण में (1)

30.	महाबोधि मंदिर परिसर, बोधगया	बिहार	2002

राजस्थान राज्य पुरातत्व एवं संग्रहालय के संरक्षण में (1)

31.	जंतर मंतर, जयपुर	राजस्थान	2010

चंडीगढ़ प्रशासन के संरक्षण में (1)

32.	ले-कोर्बुज़िए का वास्तुशिल्पीय कार्य, आधुनिक आंदोलन में एक उत्कृष्ट योगदान	चंडीगढ़	2016

अहमदाबाद नगर निगम के संरक्षण में (1)

33.	ऐतिहासिक शहर अहमदाबाद	गुजरात	2017

बम्बई नगर निगम के संरक्षण में (1)

34.	मुंबई का विक्टोरियन और आर्ट डेको	महाराष्ट्र सरकार	2018

जयपुर नगर निगम के संरक्षण में (1)

35.	जयपुर शहर, राजस्थान	राजस्थान सरकार	2019

कुलपति, विश्वभारती के संरक्षण में (1)

36.	शांति निकेतन	विश्व भारती	2023

प्राकृतिक संपतियाँ : (7)

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संरक्षण में

37.	काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान	असम	1985
38.	केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान	राजस्थान	1985
39.	मानस वन्यजीव अभयारण्य	असम	1985
40.	सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान	पश्चिम बंगाल	1987
41.	नंदा देवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान	उत्तराखंड	1988, 2005
42.	पश्चिमी घाट	कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु	2012
43.	ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क	हिमाचल प्रदेश	2014

मिश्रित संपत्तियाँ : (1)

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संरक्षण में

44.	कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान (2016)	सिक्किम	2016

******